आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र
RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



8 फरवरी चॉक्लेट डे

बर्ष :13 अंक :397 पृष्ठ -4 दिनांक 09 फरवरी 2025 दिन रविवार

# अयोध्या, काशी, मथुरा धार्मिक पर्यटन... दे रहे राज्य को नई पहचान

## 65 करोड़ पार हुआ टूरिज्म का आकंड़ा



लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र. अपनी ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के लिए दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। बीते वर्ष लगभग 65 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने राज्य में भ्रमण किया। धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा कई योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे रोजगार और आर्थिक विकास को गति मिली है।अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद से पर्यटकों की संख्या में खासी वृद्धि हुई है। वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर परियोजना ने मंदिर परिसर को सुव्यवस्थित और भव्य बना दिया है, जिससे श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बेहतर हुई हैं। उक्त तर्ज पर मथुरा–वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है, जिससे न केवल स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिला है, बल्कि रोजगार के अवसर भी प्राप्त हुए हैं। सरकार ने इन क्षेत्रों में सड़क, परिवहन, रुकने की सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं।उप्र. पर्यटन हब बन चुका है। प्रयागराज का संगम, चित्रकूट, कुशीनगर और अन्य ऐतिहासिक धरोहरों को राज्य सरकार द्वारा कराए गए विकास से नई पहचान मिल रही हैं। पर्यटन के बढ़ने से प्रदेश में होटल, गाइड, ट्रांसपोर्ट, हस्त. शिल्प और अन्य स्थानीय व्यवसायों को जबरदस्त लाभ मिला है। पर्यटन स्थलों के विकास से युवा उद्यमियों और स्टार्टअप्स को भी नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं।केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन–2 योजना अंतर्गत नैमिषारण्य, प्रयागराज और महोबा को चुना गया है। नैमिषारण्य और प्रयागराज के विकास के लिए धन. राशि स्वीकृत हो चुकी है जबकि महोबा के लिए शीघ्र स्वीकृति मिलने की संभावना है। धार्मिक पर्यटन से लेकर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास तक, राज्य एक ग्लोबल टूरिज्म हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।केंद्रीय बजट 2025–26 में देश के सर्वश्रेष्ठ 50 पर्यटन स्थलों के विकास की घोषणा की गई है। इममें उप्र. को विशेष लाभ मिला है। बौद्ध सर्किट, जिसमें कुशीनगर, संकिसा, श्रावस्ती, सारनाथ, कपिलवस्तु, कौशांबी जैसे स्थल शामिल हैं। सरकार ने बौद्ध तीर्थयात्रियों के लिए विश्राम गृह, सड़कों का नवीनीकरण, अंत. रराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और डिजिटल गाइड सिस्टम जैसी योजनाएं बनाई हैं।पर्यटन स्थलों पर होटलों, रेस्टोरेंट, ट्रांसपोर्ट, गाइड सेवाओं, हस्तशिल्प और लोकल बिजनेस को बढ़ावा मिल रहा है। विशेष रूप से महिला उद्यमियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। राज्य सरकार स्थानीय कलाकारों और कारीगरों को भी प्रोत्साहित कर रही

## मुरादाबाद नगर निगम के कर अनुभाग की अहम . कड़ी कमजोर, टीएस के चार पद में से दो तैनात



मुरादाबाद. नगर निगम के कर अनुभाग की अहम कड़ी कमजोर है। कर अधीक्षक (टीएस) के स्वीकृत 4 पदों में से केवल दो की तैनाती है। इसमें से भी एक कर अधीक्षक का स्थानांतरण दूसरी जगह हो गया है। ऐसे में शासन से मिले कर वसूली के लक्ष्य को हासिल करने में पसीने छूट रहे हैं।नगर निगम प्रशासन को गृहकर व जलकर वसूली के लिए इस बार शासन 67.66 करोड़ रुपये का लक्ष्य मिला है। फरवरी के प्रथम सप्ताह बीतने तक अभी तक केवल 35 करोड़ रुपये की वसूली हुई है। अभी भी 32 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया केवल 101 बड़े बकायेदारों पर ही है। जिसकी सूची नगर आयुक्त के निर्देश पर सार्वज. निक कर दी गई है। फिर भी कर वसूली के लिए अहम कड़ी माने जाने वाले कर अधीक्षक के पदों पर रिक्ति से काम प्रभावित होने से कर अनुभाग के अन्य अधिकारियों को मुश्किल हो रही है। चार में से केवल दो की तैनाती है। इसमें से भी एक का दूसरी जगह स्थानांतरण हो चुका है वह किसी भी दिन रिलीव हो सकते हैं। ऐसे में काम में और अड़चन बढ़ेगी। वहीं राजस्व निरीक्षक 10 हैं। लेकिन बकायेदारों को बिल व नोटिस देने में उनके शिथिल रवैए से निगम प्रशासन की फजीहत भी हो रही है। क्योंकि लक्ष्य हासिल करने के लिए एक तरफ शासन का दबाव है तो दूसरी ओर कर अधीक्षकों की कमी व राजस्व निरीक्षकों की सुस्ती भारी पड़ रही है।अब वित्तीय वर्ष के बचे शेष दिनों में कड़ी मशक्कत करने पर ही किसी तरह लक्ष्य के करीब पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह ने बताया कि विभाग में कर अधीक्षक (टीएस) के कुल 4 पद स्वीकृत हैं, जिसमें से 2 पद पर तैनाती थी। इसमें से एक का ट्रांसफर हो गया है। जबकि राजस्व निरीक्षक के 10 पद हैं। हर राजस्व निरीक्षक को प्रतिदिन 20 घरों व प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर टैक्स की वसूली करने के लिए कहा गया है। काम में लचर रवैया दिखाने वालों पर सख्ती होगी।

## कानपुर में चलती कार में लगी भीषण आग लोगों ने कूद कर अपनी जान बचाई, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

कानपुर, ।कानपुर में शुक्रवार देर रात रायपुरवा थाना अंतर्गत भन्नापुरवा में कृष्ण कम्पा. उंड के ठीक सामने चलती आल्टो कार में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद कार सवारों ने कूद कर अपनी जान बचाई। लोगों ने सूचना लाटूश रोड फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पाकर पहुची फायर ब्रिगेड की दो गड़ियो ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने बताया की शॉट सर्किट की वजह से आग लग गई थी, आग बुझा दी गई है, किसी तरह की कोई जनहानि नही हुई है।

## संभल कल्कि देव तीर्थ समिति की हुई दूसरी बैठक, कई बिंदुओं को लेकर हुई चर्चा

संभल । 68 तीर्थ और 19 कूपों की नगरी संभल में संभल कल्कि देव तीर्थ समिति की दूसरी बैठक में जिला प्रशासन ने पतंजलि शोध संस्थान प्रतिनिधि और विभिन्न वर्गों के साथ बैठक की। जिसमें मुख्य रूप से तीन बिंदुओं को लेकर चर्चा की गई। जिससे सबसे अहम संभल के तीर्थों, महातीर्थों और अन्य चीजों को लेकर साहित्य लेखन को गति दिया जाना रहा। डीएम ने कहा कि इस कार्य में सभी धन, मन और धन से सहयोग करें ताकि संभल देश और विदेश के मानचित्र पर उभर कर आ सक. े।शुक्रवार को संभल में नई तहसील सभागार में डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में संभल कल्कि देव तीर्थ समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें अधिकारियों, धर्मगुरुओं, गणमान्य नागरिकों आदि ने मंथन किया। डीएम ने कहा कि संभल कल्कि देव तीर्थ समिति की दूसरी बैठक में पार्टनर आर्गेनाइजेशन पतंजलि शोध संस्थान के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, व्यापारी, उद्यमी आदि आए। जिसमें पहला जो हमारे 87 देव तीर्थ और 5 महातीर्थ मिले हैं उनके विकास, पुनरोद्धार और किस तरह से उनका प्रचार प्रसार किया जाए पर चर्चा हुई।उन्होंने कहा कि दो उप समितियां बनाई गईं। एक कौर समिति जो पृथ्वीराज चौहान समिति के नाम से और दूसरी सभी के लिए अहिल्याबाई होल्कर समिति रहेगी जिलाधिकारी ने कहा कि हम संभल के इतिहास की पुस्तक निर्माण कर रहे हैं वो कक्षा 1 से लेकर 12 तक छोटे से लेकर बड़े बच्चों तक पढ़ें इस तरह से निर्माण करना है। उसे पाठ्य पुस्तक नहीं लाईब्रेरी का एक अंग बनाया जाए। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता हों और उसी आधार पर जो पुरस्कार होंगे संभल के सभी लोग हमारे इतिहास, सांस्कृतिक धरोहर और हमारी प्राणी विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानेंगे। पतंजलि शोध संस्थान की प्रतिनिधि ने कहा कि संभल प्रशासन के साथ जो एमओयू साइन हुआ है उसके इतिहास के पुण्य लेखन का कार्य पतंजलि कर रहा है।इसमें संभल की जो पौराणिक गाथाएं हैं उनके साइंटिफिक ढंग से ढूंढा जा रहा है। जितने भी पुराने गजिटियर हैं जितना भी पुराणों में वर्णन है, पतंजलि उन सबको एक स्थान पर लेकर आना चाह रहा है। ताकि संभल की स्टोरिकल चीजें हैं उन्हें पुन स्थापित किया जा सके। उसे दुनिया फिर से जान सके। इसका कार्य चल रहा है। हम और भी आरकेलॉजिकल एविडेंस को ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं क्योंकि जितने ज्यादा प्रमाण होंगे उतना ही हमें इसे पुष्टि करने में आसानी रहेगी कि यहां पर बहुत राजवंशों का इतिहास रहा है। बहुत सारे युगों में जो हमारे तीर्थों का वर्णन किया जा रहा है जो पुराणों में वर्णन किया जा रहा है वह बिल्कुल सही है। इस दौरान एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई, एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा, सीओ कुलदीप सिंह आदि रहे।

## मिल्कीपुर नतीजों पर बोले सपा प्रदेश अध्यक्ष, BJP ने वोटरों को वोट देने से रोका, सरकार ने की संविधान की हत्या

बाराबंकी रू अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट समाजवादी पार्टी के हाथ से निकल रही है। हालांकि अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर सीट जीतने के लिए भाजपा पर धांधली का आरोप लगाया। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी तीखा प्रहार किया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान के साथ छलावा कर रही है। यह सरकार लो. कतंत्र की हत्या कर रही है। मिल्कीपुर में वोटरों को वोट देने के लिए घर से निकलने नहीं दिया गया। भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पूरी तरह से संवेदनहीन हो चुका है। वोट देने का जो अधिकार बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने दिया था, भारतीय जनता पार्टी से पूरी तरह से छीन रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की जयंती पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन में बाराबंकी पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने मिल्कीपुर में चुनाव हारने को लेकर कहा कि कोई भी लड़ाई आमने–सामने होती है ना कि पीछे छिपकर। भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से बाबा साहेब के संविधान और देश के लोकतंत्र को खत्म करने में लगी हुई है। भाजपा सामंतवादी और पूंजीवादी व्यवस्था की सोच रखती है। जबकि समाजवादी पार्टी संविधान और लोकतंत्र को मानने वाली पार्टी है। देश के लो. कतंत्र और संविधान को बचाने के लिए जो भी करना पड़ेगा, समाजवादी पार्टी वह जरूर करेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव हो या ना हो समाजवाद स्थापित करने के लिए हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पूरी टीम मर मिटने को तैयार है। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव ने पहले ही कह दिया था कि चुनाव आयोग मर चुका है। लोगों से बोलने का अधिकार छीन लिया गया, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई भी कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मैदान में डटी रहेगी और गरीब, शोषित व वंचितों की आवाज उठाती रहेगी।

## यूपी में महिलाओं के लिए सुनहरा मौका , 5,000 पदों पर होगी सीधी भर्ती

उत्तर प्रदेश में भर्ती को लेकर एक और बड़ी खबर सामने आई हैं. उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर प्रदेश राज्य सड़क परिवहव विभाग में बड़े स्तर पर महिलाओं की सीधी भर्ती करने की तैयारी की जा रही है. जिसके तहत यूपी रोडवेज में पांच हजार महिला परिचालों की सीधी भर्ती होगी. जिसकी तैयारियां शुरू हो गईं हैं.जानकारी के मुताबिक यूपी परिवहन विभाग में पांच हजार परिचालक पदों पर महिलाओं की भर्ती की जाएगी. इस भर्ती में इच्छुक महिला अभ्यार्थी को कम से कम 12वीं पास होना जरूरी है. इसके अलावा उनके पास ट्रिपल सी आनी सीसीसी की डिग्री होना आवश्यक है. इसके लिए इच्छुक अभ्यार्थी सीधे अपने दस्तावेजों के साथ रोडवेज कार्यालय में उपस्थित होकर अपना आवेदन दे सकते हैं. प्रत्येक जनपद में आयोजित होगा रोजगार मेलाउत्तर प्रदेश शासन के दिशा निर्देशों के मुताबिक इस संबंध में परिवहन विभाग के द्वारा प्रत्येक जनपद में रोडवेज कार्यशाला में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा. जिसमें परिचालकों की भर्ती की प्रक्रिया संपन्न कराईजाएगी. प्रयागराज रीजन की बात की जाए तो यहां झूंसी स्थित रोडवेज कार्यशाला में चार मार्च 2025 को महिलाओं की सीधी भर्ती की प्रक्रिया कराई जाएगी, जबकि मेरठ में 20 फरवरी को ये रोजगार मेला डिपो में लगाया जाएगा. जानकारी के मुताबिक यूपी रोडवेज बसों में 5000 परिचालक पदों में महिलाओं की भर्ती संविदा पर की जाएगी. और वेतन 2.02 प्रति किमी के आधार पर होगा. संविदा कर्मा को 7.50 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा भी दिया जाएगा. ऐसे में जो भी महिलाएं इन पदों पर भर्ती चाहती है वो अपने जिले में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में तमाम दस्तावेजों के साथ जा सकती हैं और अपना आवेदन दे सकती हैं. परिचालक पद पर महिलाओं का चयन उनके द्वारा आवेदन के साथ लगाए गए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट स्कूल के डॉक्यूमेंट में मिले नंबरों के आधार पर होगी. उसी के आधार पर महिलाओं की मेरिट तैयार की जाएगी.

## यूपी में महिलाओं के लिए सुनहरा मौका, 5,000 पदों पर होगी सीधी भर्ती, जानें- कितनी होगी सैलरी



उत्तर प्रदेश में भर्ती को लेकर एक और बड़ी खबर सामने आई हैं. उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर प्रदेश राज्य सड़क परिवहव विभाग में बड़े स्तर पर महिलाओं की सीधी भर्ती करने की तैयारी की जा रही है. जिसके तहत यूपी रोडवेज में पांच हजार महिला परिचालों की सीधी भर्ती होगी. जिसकी तैयारियां शुरू हो गईं हैं. जानकारी के मुताबिक यूपी परिवहन विभाग में पांच हजार परिचालक पदों पर महिलाओं की भर्ती की जाएगी. इस भर्ती में इच्छुक महिला अभ्यार्थी को कम से कम 12वीं पास होना जरूरी है. इसके अलावा उनके पास ट्रिपल सी आनी सीसीसी की डिग्री होना आवश्यक है. इसके लिए इच्छुक अभ्यार्थी सीधे अपने दस्तावेजों के साथ रोडवेज कार्यालय में उपस्थित होकर अपना आवेदन दे सकते हैं. प्रत्येक जनपद में आयोजित होगा रोजगार मेला उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निर्देशों के मुताबिक इस संबंध में परिवहन विभाग के द्वारा प्रत्येक जनपद में रोडवेज कार्यशाला में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा. जिसमें परिचाल. कों की भर्ती की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी. प्रयागराज रीजन की बात की जाए तो यहां झूंसी स्थित रोडवेज कार्यशाला में चार मार्च 2025 को मि. हलाओं की सीधी भर्ती की प्रक्रिया कराई जाएगी, जबकि मेरठ में 20 फरवरी को ये रोजगार मेला डिपो में लगाया जाएगा. जानकारी के मुताबिक यूपी रोडवेज बसों में 5000 परिचालक पदों में महिलाओं की भर्ती संविदा पर की जाएगी. और वेतन 2.02 प्रति किमी के आधार पर होगा. सं. विदा कर्मा को 7.50 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा भी दिया जाएगा. ऐसे में जो भी महिलाएं इन पदों पर भर्ती चाहती है वो अपने जिले में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में तमाम दस्तावेजों के साथ जा सकती हैं और अपना आवेदन दे सकती हैं. परिचालक पद पर मि. हलाओं का चयन उनके द्वारा आवेदन के साथ लगाए गए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट स्कूल के डॉक्यूमेंट में मिले नंबरों के आधार पर होगी. उसी के आधार पर महिलाओं की मेरिट तैयार की जाएगी.

# अलीगढ़ में सरकारी स्कूल का गेट गिरने से छात्रा गंभीर घायल



अलीगढ़. टप्पल इलाके में जहानगढ़ संविलियन सरकारी स्कूल में एक बार फिर सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण बड़ा हादसा हो गया. शनिवार को स्कूल परिसर में खड़ा एक भारी गेट अचानक गिर गया , जिसकी चपेट में आकर कक्षा 4 की छात्रा तन्वी गंभीर रूप से घायल हो गई. हादसे के बाद छात्रा को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, टप्पल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे जेवर के कैलाश अस्पताल रेफर कर दिया, जहां वह ICU में भर्ती है.घायल छात्रा के चाचा रविंद्र ने इसे स्कूल प्रशासन की लापरवाही बताया. कहा कि स्कूल में बच्चों की सुरक्षा को लेकर कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं. उन्होंने मांग की कि दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों. गांव के ही बीडीसी सदस्य मोनू शर्मा ने बताया कि हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत गेट हटाकर बच्ची को अस्पताल पहुंचाया. उन्होंने प्रशासन से इस मामले की गहराई से जांच करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. घटना के बाद गांव में लोगों में रोष है.विद्यालय की शिक्षिका लकी शर्मा ने बताया कि एक दिन पहले स्कूल में बारात आई थी, जिसमें कुछ लोगों ने गेट को तोड़ दिया था. वह गेट दीवार के सहारे खड़ा था, जिस पर बच्चे झूल रहे थे. इसी दौरान गेट गिर पड़ा और छात्रा उसकी चपेट में आ गई. उन्होंने बताया कि स्कूल के प्रधानाध्यापक विमलेश राणा कैजुअल छुट्टी पर हैं, जिसके चलते इस मामले में अभी तक कोई स्पष्ट जवाबदेही तय नहीं हुई है. वहीं बीएसए राकेश कुमार सिंह ने मामले को लेकर जांच के निर्देश दिए हैं.यह पहली बार नहीं है जब अलीगढ़ के किसी सरकारी स्कूल में इस तरह की घटना सामने आई हो. हाल ही में, 4 फरवरी को पिसवा इलाके के जलालपुर प्राथमिक विद्यालय में भी एक बड़ा हादसा हुआ था. वहां जर्जर गेट गिरने से कक्षा 2 के छात्र अनुज की मौत हो गई थी. इस मामले की जांच के लिए तीन खंड शिक्षा अधिकारियों ने स्कूल का दौरा किया था. प्रारंभिक जांच में स्कूल प्रशासन की लापरवाही सामने आई थी. मामले के बाद पीड़ित परिवार को विद्यालय स्टाफ की ओर से चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई थी.

## उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में नुमाइश कार्यक्रम के दौरान डांस के नाम पर जमकर फूहड़ता परोसी

अलीगढ़: उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में नुमाइश कार्यक्रम के दौरान डांस के नाम पर जमकर फूहड़ता परोसी गई. मामला यहीं नहीं रुका नुमाइश में वैराइटी शो के नाम पर अश्लील डांस के साथ–साथ जमकर पैसे भी लुटाए गए. दरअसल, अलीगढ़ में हर साल नुमाइश का कार्यक्रम होता है. इस मामले को लेकर नुमाइश कमेटी के सदस्य से जब पूछा गया तो वह बोले कि यह चिंताजनक है और इसको लेकर उच्चाधिकारियों से बात की जाएगी. इस तरह की अश्‌. ‘लिता को रोकने का वह समर्थन करते हुए नजर आए.फूहड़ डांस का वीडियो हुआ वायरल असल में अलीगढ़ नुमाइश कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व युवतियों के फूहड़ डांस और उन पर पैसे लुटाए जाने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो के बाद यह मामला चर्चा में आ गया है. हर साल यहां होने वाले नुमाइश कार्यक्रम में इस साल वैरा. इटी शो के नाम पर पहले तो जमकर अश्लीलता परोसी गई. वहीं डांस करने आईं लड़कियों पर जमकर पैसों की बा. रिश की गई. कहा यह भी जा रहा है कि ऐसा सिर्फ इसी साल नहीं हो रहा है. हैरानी की बात यह भी है कि नुमाइश के लिए प्रशासन ही अनुमति देता है.

## अलीगढ़ नगर निगम संपत्ति कर जमा करने के लिए नगर निगम बकायेदारों को छूट दे रहा

अलीगढ़ नगर निगम संपत्ति कर जमा करने के लिए नगर निगम बकायेदारों को छूट दे रहा है। बकायेदारों की सहूलियत को लेकर नगर निगम ने 8 व 9 फरवरी को अवकाश के बावजूद भी कैश काउंटर खोलने का निर्णय लिया है।नगर आयुक्त विनोद कुमार ने संपत्ति कर जमा करने के लिए दी जा रही छूट को देखते हुए फरवरी के द्वितीय शनिवार और रविवार को भी नगर निगम के हाउस टैक्स काउंटर को खोला जाएगा। कर निरीक्षक व कर एकत्रक अपने–अपने क्षेत्र में ई–पॉश मशीन से वसूली करेंगे। इससे बकायेदारों को काफी फायदा होगा।फरवरी के द्वितीय शनिवार और रविवार को भी नगर निगम के हाउस टैक्स काउंटर को खोला जाएगा। कर निरीक्षक व कर एकत्रक अपने–अपने क्षेत्र में ई–पॉश मशीन से वसूली करेंगे।

## भाजपा कार्यालय बारादारी पर दिल्ली में भाजपा की जीत पर ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मनाया एवं मिष्ठान वितरण किया



अलीगढ़। दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की बहुमत सरकार बनने पर अमित शाह जी की चाणक्य नीति के कारण भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। जिसको लेकर आज भारतीय जनता पार्टी अलीगढ़ महानगर द्वारा भाजपा महानगर कार्यालय बारादारी स्थित 12 तारीख चौड़ाई पर ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मनाया एवं मिष्ठान वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा के महानगर पूर्व अध्यक्ष डॉ विवेक सारस्वत महानगर उपाध्यक्ष संजय गोयल अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य अनीता जैन महानगर मंत्री संजू बजाज युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष अमन गुप्ता भाजपा के मंत्री हर्षद हिंदू संजय शर्मा राकेश सहाय हरिओम अग्रवाल भाजपा महानगर के सभी मीडिया प्रभारी हिमांशु शर्मा एंव विशाल देशभक्त आदि मौजूद रहे।

## भ्रष्ट एसडीएम कोल को हटाने की मांग को लेकर भारतीयअ्किसान यूनियन सुनील का कमिश्नरी पर प्रदर्शन



अलीगढ।भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चौधरी व युवा जिलाध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार के नेतृत्व मे सैकडो किसानो ने चिलकौरा की सरक. ारी जमीन को भूमाफियाओ से कब्जा मुक्त कराने व भ्रष्ट एसडीएम कोल दि. ग्विजय सिंह को हटाने की मांग को लेकर प्रेम राज मोटर्स पीएसी से कमिश्नरी कार्यालय तक पैदल मार्च निकालते हुए विरोध प्रदर्शन किया।पैदल मार्च की सूचना मिलते ही थाना बन्नाद. ेवी प्रभारी,क्वार्सी थाना प्रभारी,मॉल चौकी प्रभारी,महुआखेडा थाना प्रभारी के साथ सीओ अभय कुमार पांडेय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए व कमिश्नरी पर जा रहे किसान यूनियन के पदाधिकारियो को समझाने बुझाने का प्रयास करने लगे।मगर किसान अपनी मांगो को लेकर कमिश्नर मैडम तक ले जाने की जिद करने लगे इस दौरान पुलिस व किसान नेताओ मे तीखी नोक–झोंक भी हुई।कमिश्नरी पर भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चौधरी ने किसानो की विभिन्न मांगो को लेकर एक ज्ञापन एसीएम द्वितीय संजय कुमार मिश्रा को सौंपा और 15 दिन के अंदर एसडीएम कोल व भूमाफियाओ के खिलाफ कार्रवाई न होने पर दोबारा एक बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी।राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चौधरी ने कहा कि एसडीएम कोल चिलकौरा की सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले भूमाफियाओ से मिले हुए है।ग्राम इब्राहिमाबाद माजरा हरदुआगंज मे गाटा संख्या 1519 मे पशुचिकित्सा बना हुआ है और खतौनी मे ऊसर अंकित है को भूमाफियाओ द्वारा बैनामा किया जा रहा है और प्रशासन के अधिकारी को शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई भूमाफियाओ पर नही की गई हमारी मांग है कि सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए।ग्राम चिलकौरा की सरकारी संपत्ति पर पूर्व मे दो दो उप जिलाधिकारियो डॉ पंकज वर्मा व रवि शंकर द्वारा गाटा संख्या 102 मे रकवा 0.2000 हेक्टेयर बिजलीघर की जमीन को संपूर्ण ग्राम चिलकौरा की जनता व तत्कालीन प्रधान सावित्री देवी और मौजूदा कमल सिंह को सुपुर्द की गई।इसके बाद भी भूमाफियाओ द्वारा उस चारागाह की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया।ऐसी ही अन्य मांगो को लेकर यह विरोध प्रदर्शन व पैदल मार्च किया गया।किसानो को मांगो को 15 दिए के अंदर पूरा नही किया गया तो भारतीय किसान यूनियन सुनील एक बडा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर जयवीर सिंह प्रधान जी युवा राष्ट्रीय पवन चतुर्वेदी राष्ट्रीय प्रवक्ता अध्यक्ष संगीता सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप त्यागी प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उदयभान जाटव प्रमुख प्रदेश अभिषेक सरस्वत प्रदेश सचिव महासचिव थान सिंह जिला अध्यक्ष अंकित खारी जिला अध्यक्ष कौशल बघेल युवा जिला अध्यक्ष अलीगढ़ रवि बघेल मंडल महासचिव अलीगढ़ गाजियाबाद देवेंद्र कुमार जिला महासचिव अलीगढ़ रामकुमार जिला हरिशंकर शर्मा महानगर अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय जिला अध्यक्ष बुलंदशहर अलीगढ़ उपाध्यक्ष अलीगढ़ एहेते श्याम राहुल गौतम मनोज शर्मा जगदीश सिंह गुड्डू चौधरी बच्चू सिंह संजू सिंह पीतम रतिराम गुलबीर प्रधान जी सिंह बंटी सिंह उर्फ शैलेंद्र अनार देवी सरोज देवी कमलेश देवी गीता देवी अनीता देवी विमलेश देवी आशा देवी मीना देवी संतोष देवी मुनेश त्यागी राष्ट्रीय सचिव विनोद कुमार कश्यप प्रदेश सचिव प्रमोद त्यागी मेरठ मंडल संगठन मंत्री सुरेंद्र पाल संगठन सदस्य जसवीर त्यागी प्रदेश उपाध्यक्ष अमित कुमार दीपक कुमार विपिन सचिन महिला मोर्चा कुमोद मिश्रा सुषमा शर्मा धनिष्ठा शर्मा उषा शर्मा जिला सचिव हजारों की संख्या में किसान और महिला और पदाधिकारी मौजूद रहे

## सामूहिक एकादशी उद्यापन के अवसर पर लक्ष्मी नारायण जी की कथा एवं भजन संध्या का हुआ आयोजन

अलीगढ।श्री अग्रवाल महिला विंग द्वारा आगरा रोड स्थित श्री राधा रमण गौशाला में तृतीय सामूहिक एकादशी उद्यापन का भव्य आयोजन किया गया जिसमें 62 जोड़ों का वेदी पूजन नरवर नरोरा के ब्राह्मणों ने वैदिक रीति से सम्पन्न कराया। यहां पर आयोजित तृतीय सामूहिक एकादशी उद्यापन दिनांक आठ और नौ फरवरी को श्री राधा रमण गौशाला आगरा रोड पर हो रहा है।यह जानकारी संयुक्त रूप से कार्यक्रम संयोजिका पूजा अग्रवाल,श्वेता अग्रवाल,नमिता अग्रवाल और अंजू अग्रवाल ने दी।अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने बताया आठ फरवरी को प्रातः दस बजे लक्ष्मी नारायण पूजन एवं कथा हुई जिसके पश्चात एक बजे ब्राह्मण भोज और दो बजे भजन संध्या हुई।सचिव सीमा अग्रवाल ने बताया कि 8 फरवरी को 62 यजमानों ने सामूहिक एकादशी उद्यापन किया।वहीं संस्थापक अंजू मोरनी और राजश्री अग्रवाल ने बताया कि कुछ सदस्यों का उद्यापन निःशुल्क श्री अग्रवाल महिला विंग द्वारा कराया जा रहा है और सभी पूजन व हवन सामग्री भी संस्था द्वारा उपलब्ध कराई गई है।वहीं इस कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी पायल गर्ग ने सभी का आभार जताया।आयोजन में पायल गर्ग, राधा अग्रवाल,रजनी अग्रवाल,गीतिका अग्रवाल,वर्षा अग्रवाल,अंजना बंसल, बबीता मांगलिक,प्रीति मित्तल,गीतिका अग्रवाल,रेनू अग्रवाल और नीति अग्रवाल आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

## अमेरिका से लौटे अवैध प्रवासी भारतीयों के अपमान पर बिफरे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया धरना रोष प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए ज्ञापन भी सौंपा

अलीगढ़।अमेरिका से वापस लौटे अवैध प्रवासी भारतीय नागरिकों के अपमान को लेकर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी और पूर्व विधायक विवेक बंसल एवं शहर अध्यक्ष नवेद खान के नेतृत्व में कांग्रेसी जनों ने कलेक्ट्रेट के समक्ष धरना प्रदर्शन किया और अपमान विरोधी तख्तियाँ लिए हुए भाजपा सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन और नारेबाजी की।इस दौरान विवेक बंसल ने कहा कि अमेरिका की यह कार्यवाही भारतीय नागरिकों का खुला अपमान है और दुख इस बात का है कि अपने आप को बहुत बड़ा राष्ट्रवादी कहने वाली भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी इस घटना पर मौन है और उन्होंने व उनकी सरकार के विद. ेशमंत्री ने इस घटना पर अमेरिका के समक्ष अपना विरोध नहीं जताया और यह उनकी असमर्थ नीति को दर्शाता है और यह घटना हमारे देश के लिए काफी शर्मनाक एवं अपमानजनक है। वहीं कांग्रेस के शहर अध्यक्ष नवेद खान ने कहा कि अमेरिका की इस कार्रवाई से भारतीयों का अपमान हुआ है और सभी कांग्रेसी जन अमेरिका सरकार की इस कार्रवाई के लिए आलोचना करते हैं और भारी विरोध भी करते हैं।इस दौरान कार्यक्रम के समापन पर माननीय राष्ट्रपति महोदया को संबोधित एक ज्ञापन एसीएम द्वितीय को दिया गया जिसमें मांग की गई कि भारतीय नागरिकों के साथ अमेरिका के इस अपमानजनक व्यवहार के लिए अमे. रिकी सरकार से सख्त विरोध जताए जाने हेतु सरकार को निर्देशित करने की कृपा करें। इस दौरान धरने में रौशनी सिंह,सला. उद्दीन वसी,पूरन चंद देशमुख,शाहिद खान,पार्षद बिजेंद्र सिंह बघेल,इरशाद फरीदी,अमजद हुसैन,शंकर लाल,अकील कुरैशी,अतर सिंह,शाहिद कुरेशी,नादिर खान,अयाज कुरैशी,यमीन खान मेव,राकेश सारस्वत, शहजाद हुसैन,वसीम अहमद मलिक, बाबुद्दीन अब्‌. बासी, रामेश्वर दयाल सविता, मुकीम पठान,शादाब फजल,अर्जुन दिवाकर,साजिद बेग,मोहम्मद मनसूर, अब्दुल समद,संजय सिंह,मो. हम्मद आसिफ,मोहम्मद वाजिद के साथ अन्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## जिला अलीगढ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के चुनाव हेतु अध्यक्ष पद पर शैलेंद्र सिंह टिल्लू महामंत्री पद पर आलोक गुप्ता कोषाध्यक्ष पद पर शिव शंकर शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ किया नामांकन

जिला अलीगढ़ कैमिस्ट एन्ड ड्रगिस्ट एससोसिएशन (रजि.) के चुनाव में अध्यक्ष पद शैलेन्द्र सिंह टिल्लू, महामंत्री पद आलोक गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद शिव शंकर शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन किया अध्यक्ष पद प्रत्याशी शैलेन्द्र सिंह टिल्लू ने बताया कि फफाला दवा बाजार में सी एम मॉल से नामांकन करने के लिए अपने दवा व्यापारियों के साथ फाफाला, दवा बाजार,रेलवे रोड,पत्थर बजर होते हुए जुलूस के रूप में चुनाव कार्यालय गुंजन मेडिकल एजेंसी फफाला में नामांकन मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश गुप्ता व सहायक चुनाव अधिकारी डॉ सुनील कुमार वार्ष्णेय के समक्ष दाखिल किया

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वार्षिक श्परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 10 फरवरी को सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वार्षिक श्परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 10 फरवरी को सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देश भर के स्कूलों में किया जाएगा, जिसमें कक्षा 6 और उससे ऊपर के सभी विद्यार्थी भाग लेंगे।कार्यक्रम का प्रसारण डीडी नेशनल, डीडी न्यूज और डीडी इंडिया समेत कई टेलीविजन चौनलों पर किया जाएगा। साथ ही ऑल इंडिया रेडियो के मीडियम वेव और एफएम चौनलों पर भी इसे सुना जा सकेगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रधानमंत्री कार्यालय, शिक्षा मंत्रालय, डलळवअ.पद की वेबसाइट, यूट्यूब चौनल, फेसबुक लाइव और स्वयंप्रभा चौनलों पर लाइव स्ट्रीमिंग उपलब्ध होगी।विद्यालयों में कराई जाए बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था...सीबीएसई के जिला कोऑर्डिनेटर और संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल सादाबाद के प्रिंसिपल डॉ. जगदीश शर्मा ने सभी विद्यालयों से बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। कार्यक्रम के बाद, इसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों की तस्वीरें और



विवरण MyGov पोर्टल पर अपलोड किए जा सकेंगे। विद्यार्थी यूट्यूब लिंक के माध्यम से भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देख सकेंगे।

## हाथरस में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली . विधानसभा चुनाव में मिली जीत का जोरदार जश्न

हाथरस में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली जीत का जोरदार जश्न मनाया। जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता गौशाला रोड स्थित जिला कार्यालय पर एकत्रित हुए। जहां आतिशबाजी और ढोल–नगाड़ों की थाप पर जश्न मनाया गया।इस मौके पर जिलाध्यक्ष माहेश्वरी ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और पार्टी की जन–कल्याणकारी नीतियों पर जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में नई सरकार बनने की बात कही।कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद सिकंद. रराऊ विधायक वीरेंद्र सिंह राणा ने कहा




कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के झूठे वादों को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि दिल्ली में शुरू हुई विकास यात्रा अन्य प्रदेशों में भी जारी रहेगी। इस अवसर पर हरिशंकर राणा, रामकुमार माहेश्वरी, हरीश सेंगर, तपन जौहर, मुकेश चौहान समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। शहर के अन्य स्थानों पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय उत्सव मनाया।

## सिकंदराराऊ 08 फरवरी। कस्बा के एक मोहल्ला निवासी छात्रा सुबह विद्यालय के रास्ते से गायब

सिकंदराराऊ 08 फरवरी। कस्बा के एक मोहल्ला निवासी छात्रा सुबह विद्यालय के रास्ते से गायब हो गई, जिससे परिजन परेशान हो गए और कोतवाली में अभियोग दर्ज कराया। कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ घंटो में ही लड़की को बरामद कर लिया द्यशुक्रवार की सुबह रोजाना की तरह कस्बे के मोहल्ला निवासी कक्षा नौ की एक छात्रा अपनी सहेली के साथ विद्यालय के लिए निकली थी। राठी चौराहे पर पहुंचते ही छात्रा अपनी सहेली से दूर हो गई। जब छात्रा विद्यालय की छुट्टी होने के बाद अपने घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता सताने लगी। परिजनों ने विद्यालय जाकर जानकारी ली तो पता चला कि छात्रा विद्यालय नहीं आई है, छात्रा की सहेली से पूछताछ की गई तो सहेली ने बताया कि छात्रा राठी चौराहे से कुछ सामान लेने के लिए सब्जी मंडी रोड की ओर चली गई और बहुत समय होने तक छात्रा नहीं आई। आनन फानन में छात्रा की मां ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। कस्बा इंचार्ज मनु यादव ने मामले का संज्ञान लेते हुए छात्रा की खोजबीन करते हुए जीटी रोड स्थित बस स्टैंड से छात्रा को बरामद किया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## रक्षा मंत्री के करीबी युवा नेता ने आदर्श महिला एव बाल कल्याण संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट कर दी बधाई



हाथरस। आदर्श महिला बाल कल्याण संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ युवा नेता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के करीबी वेद प्रकाश ने शुक्रवार को लखनऊ से जनपद के कस्बा सादाबाद पहुंच कर आदर्श महिला एव बाल कल्याण संस्था के जिला कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राणा से शिष्टाचार भेंट कर फूलमाला व दुपट्टा भेंटकर जोशीला स्वागत किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बहुत ही करीबी वेद प्रकाश जी के हाथरस आगवन पर संस्था के पदाधिकारियों ने भी उनका स्वागत सम्मान किया। वही वेद प्रकाश ने रेखा राणा को आदर्श महिला एव बाल कल्याण संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। इसी के साथ दोनों में संस्था के विस्तार हेतु वार्ता हुई। इस मौके पर संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश कुमार, धीरज दुबे, जानू चौधरी, अनिल चौधरी, दिनेश बघेल,  सिंह, पूनम वर्मा राखी देवी, मंजू देवी, ज्योति देवी, उषा देवी, पूनम राघव,उमेश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## हाथरस में हुई दो जघन्य हत्याओं के मामले में बसपा ने योगी सरकार पर तीखा हमला बोला



हाथरस में हुई दो जघन्य हत्याओं के मामले में बसपा ने योगी सरकार पर तीखा हमला बोला है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने आज हाथरस के शीतलवाड़ा और कानऊ गांव में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की।शीतलवाड़ा में 3 फरवरी को सुबह 5रू30 बजे दूध व्यवसायी राजेंद्र सिंह बघेल की हत्या कर दी गई थी, जबकि कानऊ गांव में 2 दिन पहले एक 80 वर्षीय वृद्धा की निर्मम हत्या की गई, जिसका शव नग्न अवस्था में मिला था।पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है और जंगलराज कायम है। उन्होंने राजेंद्र सिंह हत्याकांड में अभी तक फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और वृद्धा हत्याकांड का जल्द खुलासा करने की मांग की। इस संबंध में उन्होंने डीआईजी अलीगढ़ से संपर्क करने का प्रयास किया। उनकी डीआईजी से बातचीत नहीं हो पाई। उन्होंने पुलिस अधीक्षक हाथरस से बात की और सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। बसपा नेता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री प्रदेश में अपराध नियंत्रित नहीं कर सकते तो उन्हें पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। गरीबों की जान की कोई कीमत नहीं रह गई है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है।आर्थिक सहायता की मांग उन्होंने बताया कि वह पार्टी सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर पीड़ितों से मिलने आए हैं और पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता की मांग भी की। इस दौरान पूर्व एमएलसी नौशाद अली, बसपा जोन कोऑर्डिनेटर सूरज सिंह, जिलाध्यक्ष राज. कपूर, डॉ अविन शर्मा, जेपी धनगर, हेमबाबू धनगर, राजपाल सिंह पूनिया समेत कई पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राज्यसभा में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन ने आलू किसानों की बदहाल स्थिति को लेकर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा

राज्यसभा में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन ने आलू किसानों की बदहाल स्थिति को लेकर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आगरा में आलू प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के वादे की याद दिलाई और कहा कि 11 साल बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।आलू की लागत 1600 रुध्कुंतल, सरकार दे रही सिर्फ 459 सांसद ने सदन में बताया कि वर्तमान में किसानों को प्रति कुंतल आलू उत्पादन में 1600 रुपये की लागत आ रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार मात्र 459 रुपये प्रति कुंतल की दर से खरीद का प्रस्ताव दे रही है। उन्होंने कहा, यह कीमत इतनी कम है कि कोई भी किसान खरीद केंद्र पर आलू बेचने नहीं गया।चीन से सीखने की जरूरत, सड़े–गले आलू से बनती है वोदका सुमन ने चीन का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां आलू बोर्ड का गठन किया गया है, जो उत्पादन, खपत और निर्यात का पूर्व आकलन करता है। चीन में तो सड़े–गले आलू से भी वोदका बनाई जाती है, लेकिन भारत में आलू की 35ः फसल या तो फेंक दी जाती है या सड़ जाती है।सरकार से 4 अहम मांगें...सांसद ने सरकार से आलू किसानों के लिए राहत देने की मांग की और निम्नलिखित चार अहम कदम उठाने की अपील की।आलू को उद्यान की बजाय कृषि श्रेणी में शामिल किया जाए।किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराए जाएं।आलू अनुसंधान केंद्रों की स्थापना की जाए।चीन की तर्ज पर ष्आलू बोर्डष् का गठन किया जाए।किसानों की हालत नहीं सुधरी, तो आंदोलन तय सुमन ने चेतावनी दी कि अगर किसानों की मांगें नहीं मानी गईं, तो मजबूरन बड़े आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आलू किसानों की घटती आय और बढ़ती लागत को लेकर सरकार को तुरंत ठोस कदम उठाने होंगे, वरना इस संकट का खामियाजा पूरे कृषि क्षेत्र को भुगतना पड़ेगा।

## समाधान दिवस में जिलाधिकारी राहुल पांडे और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने जनता की समस्याएं सुनीं

सासनी थाना परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राहुल पांडे और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने जनता की समस्याएं सुनीं।कार्यक्रम में कुल 10 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से एक प्रमुख मामला पुरानी सब्जी मंडी स्थित ज्ञान कैंपस के सौरभ चक्रवर्ती द्वारा उठाया गया।उन्होंने अपने मोहल्ले में नगर पंचायत द्वारा निर्मित सड़क पर हो रहे अवैध निर्माण की शिकायत की। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया और एक विशेष जांच कमेटी के गठन के साथ अपर जिलाधिकारी को रिकवरी की कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी प्रज्ञा यादव, क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कृष्ण नारायण, खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह, तहसीलदार अनिल कुमार और थाना प्रभारी नरेश सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सासनी पुलिस ने एक अभियुक्त को 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया



हाथरस। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना सासनी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को नगला सरदा कच्चा रास्ते पर गिरफ्तार किया गया है । जिसका नाम जीशान पुत्र निसार निवासी नया बिजलीघर कस्वा व थाना सासनी है। जिनके कब्जे से बीस क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई है । अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सासनी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिपूर्ण कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम प्रभारी निरीक्षक  नरेश सिंह मय टीम थाना सासनी जनपद हाथरस है।

## फेम का प्रतिनिधिमंडल ने वाणिज्य कर (जी एस टी) आयुक्त से की मुलाकात

हाथरस। फेडरेशन ऑफ इंडिया व्यापार मंडल,उत्तर प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल फेम प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती के नेतृत्व में डॉ.नितिन बंसल (आयुक्त वाणिज्य कर,उत्तर प्रदेश) से उनके लखनऊ स्तिथ मुख्यालय पर मुलाकात की एवं व्यापारियों की जी एस टी से संबंधित  आ रही समस्याओं का 10 सूत्रीय ज्ञापन दिया।जिसमे मुख्य रूप सेलिमिटेसन एक्ट,धारा 161,वेट की धारा 32,एमे. नेस्टी स्कीम,जी एस टी आर–9,ए एस एम टी–आदि 10 सूत्रीय ज्ञापन दिया। आयुक्त ने अत्यंत सौहाद्रपूर्ण वातावरण में समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के दौरान विस्तृत जानकारी लेते हुए उनके जल्द से जल्द समाधान के लिए आश्वस्त  किया।प्रतिनिधिमंडल में अजय अग्रवाल(प्रदेश उपाध्यक्ष),डॉ अरविंद गुप्ता (प्रदेश सचिव),सुरेश चंद्र अग्रवाल(जिलाध्यक्ष हा. थरस),रासबिहारी  अग्रवाल(जिलाध्यक्ष–मथुरा),ब्रजेश पंडित(जिला महामंत्री–आगरा) शामिल रहे।

## शादी समारोह से लाखों के आभूषणों से भरा बैग चोरी, मची खलबली, रिपोर्ट दर्ज, जांच के लिए टीम गठित

सादाबाद के गांव टीकैत अरौठा में 6 फरवरी की रात को एक शादी समारोह से जेवर से भरा बैग चोरों ने पार कर दिया, जिससे शादी समारोह में खलबली मच गई। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। 7 फरवरी को घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। गांव टीकैत अरौठा में बबलू चौधरी पुत्र दिलवार सिंह की दो बेटियों की बृहस्पतिवार को शादी थी। मथुरा जिले सौंख क्षेत्र के सुजौला गांव से बरात आई हुई थी। दूल्हे के पिता के पास जेवर से भरा बैग रखा था। बैग में चढ़ाने के लिए लाखों रुपये कीमत के जेवर रखे हुए थे। बरात चढ़त की रस्म के दौरान अचानक दो युवक आए और दूल्हे के पिता के पास रखे बैग को पार कर ले गए। कुछ लोगों ने इन युवकों को बैग ले जाते हुए देखा तो शोर मचा दिया, लेकिन यह लोग बाहर बाइक पर खड़े अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक पर बैठकर भाग गए। बबलू के चाचा नागेंद्र चौधरी ने बताया कि यह पूरी घटना बरात चढ़त के दौरान वहां हुई, जहां बरात ठहरी हुई थी। गांव में ही शादी समारोह चल रहा था।  दोनों शातिर पहले कॉफी बांटने के बहाने अंदर आए और फिर चले गए, लेकिन कुछ देर बाद यह फिर पूरी स्थिति को भांपकर अंदर आए और दूल्हे के पिता के पास रखे बैग को लेकर बाइक से भाग गए।

# कासगंज में पत्रकार की गोली मारकर हत्या, शादी कार्यक्रम में डीजे पर डांस करते वक्त हुई वारदात

यूपी के कासगंज जनपद में एक निजी अखबार के स्थानीय पत्रकार की शादी के कार्यक्रम में डीजे पर नाचते समय सिर में गोली लगने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कासगंज एक प्रतिष्ठित अखबार के रिपोर्टर की शादी समारोह में गोली मारकर हत्या कर दी। परिजनों ने तीन नामजदों पर षड्यंत्र के तहत हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक परिवार का एकलोता बेटा था।शहर के चांडी रोड स्थित रजत गार्डन में सात फरवरी को शादी समारोह का कार्यक्रम था। शादी समारोह में आवास विकास कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय राहुल माथुर पुत्र मोहरपाल सिंह को उसका दोस्त देवराज ठाकुर घर से बुलाकर ले गया। वहां ले जाकर उसमें गोली मारी थी। जिससे राहुल की मौके पर ही मौत हो गई।राहुल शहर के एक प्रतिष्ठित अखवार में रिपोर्टर के तौर पर काम करता था। मौत की खबर मिलते ही वैवाहिक स्थल पर भारी मात्रा में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। घटना के बाद मौजूद लोगों ने देवराज ठाकुर उर्फ दीपू को तमंचा कारतूस सहित पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मृतक राहुल के पिता मौहर सिंह ने तीन नामजद सहित रजत गार्डन के संचालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।तीन बहनों में एकलोता बेटा था राहुल राहुल तीन बहनो के बीच एकलोता बेटा था। बेटे की मौत के बाद मां–पिता और बहनों को रो रोकर बुरा हाल है। राहुल पर एक तीन वर्ष का बेटा और एक छह माह की बेटी है।रजत गार्डन में एक वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राहुल भी गए हुए थे। वहां हर्ष फायरिंग हो रही थी। जिसकी एक गोली राहुल को लग गई। राहुल की मौके पर ही मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। हर्ष फायरिंग करने वाले युवक को तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।




# दो प्राथमिक विद्यालयों को मिलेंगे खेल मैदान

कासगंज। संवावदाता अमित कुमार नगला भूतल और दौकेली स्थित प्राथमिक विद्यालयों को जल्द ही खेल मैदान मिलेंगे। इस संबंध में सदर एसडीएम संजीव कुमार, और विकल कुमार स्कूलों में खेल के मैदान व अन्य मूलभूत सुविधाओं की जांच करने के लिए पहुंचे।दरअसल, प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के लिए खेल के मैदान नहीं होने की शिकायतें मिलने पर डीएम ने एसडीएम सदर को प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए और खेल के मैदानों के लिए भूमि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अधिकारियों ने प्राथमिक विद्यालय हरपालपुर, प्राथमिक विद्यालय नगला भूतल, प्राथमिक विद्यालय दौकेली, प्राथमिक विद्यालय चंदनपुर घटियारी एवं प्राथमिक विद्यालय पाठकपुर का निरीक्षण किया। वहां सुविधाएं परखीं और खेल के मैदानों के बारे में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने नगला भूतल के प्राथमिक विद्यालय एवं दौकेली के प्राथमिक विद्यालय के लिए राजस्व टीम को भूमि चिह्नित करने के निर्देश दिए। एसडीएम के निर्देशों के बाद इन दोनों विद्यालयों को खेल के लिए मैदान मिल सकेंगे। एसडीएम ने बताया कि और भी विद्यालयों में कुछ अन्य कमियों को सुधारने के निर्देश दिए गए हैं।



# इज्जतनगर मंडल की रेल प्रबंधक बीणा सिन्हा ने शनिवार को कासगंज जंक्शन का दौरा किया

कासगंजः इज्जतनगर मंडल की रेल प्रबंधक बीणा सिन्हा ने शनिवार को कासगंज जंक्शन का दौरा किया। वे निजी ट्रेन से इज्जतनगर से कासगंज पहुंचीं, जहां उन्होंने विभिन्न रेलवे सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया।डीआरएम ने स्टेशन परिसर के साथ–साथ डीजल लॉबी, पिट लाइन और वाटर प्लांट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक गंभीर चूक सामने आई जब यात्रियों को डीआरएम की मौजूदगी में भी रेलवे ट्रैक पार करते देखा गया।आरपीएफ के जवानों ने इस खतरनाक गतिविधि को रोकने का कोई प्रयास नहीं किया, जो उनकी घोर लापरवाही को दर्शाता है। इसके अलावा, स्टेशन परिसर में आवारा कुत्तों की मौजूदगी भी स्टेशन प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है।. निरीक्षण के दौरान इज्जतनगर मंडल और कासगंज रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। यह निरीक्षण स्टेशन की वर्तमान स्थिति और सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों को चिह्नित करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।



# कासगंज शराब के ठेकों से हो रहा .हरपदीय गंगा का गंगाजल दूषित

सोरों। भगवान वराह की तीर्थनगरी सोरों में प्रतिबंध के बावजूद भी शराब की दुकानें खुली हुई हैं। माइनर के पास शराब की दुकाने होने के कारण हरपदीय गंगा में पहुंचने वाला गंगाजल गंदा हो रहा है। जिससे श्रद्धालुओ की भावनाएं आहत हो रही हैं। माइनर के पास से शराब की दुकानों को हटाकर पांच किलोमीटर दूर खोले जाने की मांग को लेकर बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ताओ ने रामलला चौराहे पर प्रदर्शन कर मांग को बुलंद किया है।विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड सहसंयोजक राजेंद्र मोर्य ने बताया कि सोरों तीर्थ नगरी से तीन किलोमीटर की दूर शराब की दुकानों को खोलने की अनुमति दी गई थी, लेकिन शराब की दुकानें डेढ़ किलोमीटर दूर पर ही संचालित हैं। शराब की दुकानों के आगे माइनर है। इस माइनर के माध्यम से गारहा नहर से जल हरपदीय गंगा में आता है। शराब की दुकानें होने के कारण लोग शराब की खाली बोतले और खाने पीने का सामान माइनर में फेंक देते हैं। वह पानी के माध्यम से बाहर गंगा में आ जाता है। जिससे लोगों की भावनाए आहत होती हैं। माइनर को लोहे का पाइप डालकर पटवाया जाए, या फिर शराब की दुकानें माइनर के किनारे से बंद कराई जाए। यह मांग पिछली बार भी तीर्थ पुरोहितों द्वारा उठाई गई, लेकिन आज तक समाधान नहीं निकला। अगर इन दुकानों का बंद नहीं कराया गया, बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ता उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मांग करने वालों में सुधांशू भारद्वाज, आयुष गुप्ता, आकाश गोस्वामी, श्रीकिशन कश्यप, दीपक सैनी, गोलू रावत, यश महेरे, दीपक पराशर, अमन कश्यप, हरगोबिन्द ठाकुर, माधव पसनावत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एटा जिले में रामपुर घनश्यामपुर हाइवे पर तीन . वाहनों की भीषण टक्कर में चार लोग घायल

एटा जिले में रामपुर घनश्यामपुर हाइवे पर तीन वाहनों की भीषण टक्कर में चार लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार कैंटर ने पीछे से लोडर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोडर डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन में जा गिरा और सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार से टकरा गया।इस दर्दनाक हादसे में लोडर पर सवार दो मजदूर और कार में सवार दो महिलाएं घायल हुईं। घायलों की पहचान कमसान निवासी वेद प्रकाश, श्याम बिहार कालोनी कायमगंज निवासी टिंकू, मेहरू खान और उनकी बेटी समरीन के रूप में हुई है। राहगीरों की सूचना पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को एटा स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए आगरा रेफर किया गया है। कोतवाली देहात प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि हादसे के बाद तीनों क्षतिग्रस्त वाहनों की वजह से हाइवे पर जाम की स्थिति बन गई थी। पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कासगंजः आग ने तबाह किया गरीबों का आशियाना

सोरों । क्षेत्र के ग्राम मनकापुर में झोपड़ियों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे झोपड़ियों में रखा सामान जल गया। अग्निशमन कर्मियों और ग्रामीणों ने मशक्कत कर आग को बुझाया। राजस्व कर्मियों ने क्षति का आकलन किया है।गांव में झोपड़ियों में आग लगने पर चीख पुकार मच गई। लोगों ने पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया। तेज हवाओं के कारण आग को बुझाना मुश्किल हो रहा था। एक–एक कर दस झोपड़ियां आग की चपेट में आकर जल गईं। सूचना दमकल विभाग को भी दी गई। दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण और दमकल कर्मियों ने मशक्कत कर आग को बुझाया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन तब तक झोपड़ियों में रखा सामान जल गया। गांव निवासी हरिओम पुत्र हरि सिंह, विक्रम सिंह पुत्र ताराचंद, अखिलेश पुत्र सोनपाल, श्रीराम पुत्र होरीलाल, नरेश पाल पुत्र अनेक पाल, प्रीति पत्नी सर्वेश कुमार, मंगली पुत्र राम अवतार, कृपाल पुत्र चरण सिंह, सुनील पुत्र चरण सिंह, रामबेटी पत्नी होरीलाल की झोपड़ियां आग में जल गई और उनका सामान भी जल गया। जानकारी पर राजस्व कर्मी पहुंचे और उन्होंने क्षति का आकलन किया है।



जननायक सम्राट
हिंन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा –संम्पादक
मौः–8218049162,8273402499

# विचार। दिल्ली के विधानसभा चुनाव व मिल्कीपुर उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर भाजपाइयों खुशी का माहौल

कासगंज–दिल्ली के विधानसभा चुनाव व मिल्कीपुर उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर भाजपाइयों खुशी का माहौल है। शनिवार को परिणाम सामने आने के बाद भाजपाई जिला कार्यालय पर एकत्रित हुए। यहां एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर व आतिशबाजी चलाकर खुशी का इजहार किया और एक–दूसरे को जीत की बधाई दी।भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी के नेतृत्व में भाजपाई शनिवार की दोपहर बाद सोरों गेट स्थित जिला कार्यालय पर एकत्रित हुए। यहां दिल्ली विधान सभा चुनाव में एक लंबे समय बाद जीतने व मिल्कीपुर उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी के जीतने की खुशी में जश्न मनाया गया। इस दौरान भाजपाइयों ने मिठाई बांटी, एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने कहा कि दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा ने जीत दर्ज की है। इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। इस दौरान भाजपा नेता नवल कुलश्रेष्ठ, डॉ. ज्ञान गुप्ता, ज्ञान प्रकाश तिवारी, महेंद्र सिंह राना, नीरज शर्मा, राजवीर सिंह भल्ला, कौशल साहू, सुनील वार्ष्णेय, सुरेश माहेश्वरी, अनुरोध प्रताप सिंह, डीएस लोधी, शरद गुप्ता, मनोज शर्मा, मयंक अग्रवाल, कुलदीप प्रतिहार, प्रशांत राजपूत, हिमांशु उपाध्याय, अंशुल अग्रवाल, डा. संजीव राजपूत, अरुण पुंढीर, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना मौजूद रहे। दिल्ली विधानसभा चुनाव व मिल्कीपुरविधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जबरदस्त जीत से भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर अध्यक्ष भाजपा आदित्य काकोरिया दुबे ने कहा दिल्ली भाजपा की बढ़ी जीत है। इस मौके पर सम्पूर्णानन्द भारद्वाज, मनोज मधुवन, आशुतोष त्रिवेदी,जयकिशन तिवारी ,अमित मिश्रा,विजय गोस्वामी, विशालपाठक,बृजेश उपाध्याय, डॉ. भुवनेश माहेश्वरी, विवेक भारद्वाज, योगेश चौधरी, राहुल पाठक,अवनीश वशिष्ठ, कृष्णकांत वशिष्ठ, गोविंद महेरे,विकास निर्भय, संजय दुबे, अमरदीप सागर, नानकचंद गुप्ता, नीरज रावत, जयकिशन गुप्ता, हरिओम गुप्ता, भोला पुजारी, विनय तिवारी, अतुल तिवारी, रविन्द्र ब्रह्मचारी, हरपाल शाक्य आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# पुरानी जगह पर होली नहीं रखी तो करेंगे पर्व परहेज

सोरोंजी। कोतवाली क्षेत्र के गांव सराय जुन्नारदार में होली रखने को लेकर हर वर्ष ही विवाद सामने आता है। इस बार भी होली का पर्व नजदीक आते ही ग्रामीणों ने होली को पुराने स्थान पर रखवाने की प्रशासन से मांग की है। उन्होंने कहा कि समस्या का स्थायी समाधान होने पर ही इस बार पर्व मनाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन पुराने स्थान पर होली नहीं रखवाता तो वह होली पर्व नहीं मनाएंगे। ग्रामीणों का कहना है दूसरे धर्म के लोग होली रखने को लेकर हर बार तरह–तरह की बात करते हुए होली के स्थान परिवर्तन की जिद करते हैं। इससे पर्व के मौके पर संवेदनशीलता बढ़ती है। गांव के महेंद्र सिंह का कहना है कि पहले होली गांव के पूरब में रखी जाती थी। बाद में सरकारी स्कूल में रखवा दी गई, लेकिन वहां से भी आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण होने के कारण होलिका दहन स्थल को हटवाना पड़ा। ऐसी स्थिति को देखते हुए गांव के लोग एक स्थान सुनिश्चित करने की मांग उठा रहे हैं। ग्रामीण राजू बघेल ने कहा कि यदि इस बार होली की जगह स्थायी रूप से सुनिश्चित नहीं की गई तो गांव के लोग होली पर्व नहीं मनाएंगे।

# पत्नी का सोते समय बनाया अश्लील वीडियो...व्हाट्सएप ग्रुप पर किया वायरल

उत्तर प्रदेश के एटा जिले में पति की गंदी करतूत ने पत्नी की जिंदगी तबाह कर दी। पति ने सोते समय उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद ये वीडियो व्हाट्सएप पर वायरल कर दिया। जब लोगों ने ये वीडियो देखा, तो पुलिस से शिकायत की। एटा के सहावर कोतवाली क्षेत्र के एक कस्बे में पति ने पत्नी का सोते समय अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जानकारी होने पर क्षेत्र के लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया। मामला चर्चा में आने के बाद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के एक कस्बे में पति ने अपनी पत्नी का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। इसकी जानकारी क्षेत्र के लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से हुई। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने कस्बे में पहुंचकर वायरल वीडियो के तथ्यों के बारे में लोगों से पूछताछ की।लोगों ने पुलिस को अश्लील वीडियो व्हाट्सएप पर वायरल करने की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने इस हरकत पर आक्रोश भी जताया। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल बरामद कर लिया। मोबाइल से पुलिस ने अलग–अलग नंबर की 13 सिम बरामद कीं। मोबाइल से तथ्य जुटाने के लिए जांच हेतु थाना साइबर सेल भेज दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच–पड़ताल शुरू कर दी। सहावर प्रभारी निरीक्षक प्रवेश राणा ने बताया कि अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी को नोटिस देने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया।